दिनांक 27 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त सुंदरानी ने किया जीई रोड स्थित उद्यान का निरीक्षण , सफाई को लेकर एजेंसी को दिए निर्देश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने प्रातः जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जीइ रोड स्थित उद्यान का निरीक्षण किया!

आयुक्त महोदय ने उद्यान का निरीक्षण करते हुए वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में एजेंसी से जानकारी ली एवं सभी चारों उद्यानों में वाटर हार्वेस्टिंग को व्यवस्थित कर जल संचयन करने हेतु आदेशित किया! उद्यानों में सफाई व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि 1 सप्ताह में संपूर्ण उद्यान की साफ सफाई एवं खरपतवार हटाने एवं लॉन को मेंटेन हो जाना चाहिए!

उद्यानों में बनाए हुए कंपोस्ट पिट को भी देखा उन्होंने कहा कि कंपोस्ट पिट में लगातार खाद बनाने की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए जितने भी फूल,पत्ती आदि खाद बनाने योग्य कचरा निकलते हैं उन्हें कंपोस्ट पिट के माध्यम से खाद बनाकर पौधों को पोषक तत्व के रूप में प्रदाय करने का कार्य करें! नेहरू नगर बस स्टॉप के समीप स्थित शौचालय को शीघ्र चालू करने के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 टीपी लहरें को दिए गए!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!